


**दिखावा** यातायात विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

# 500 का दम और सड़कों पर बेखौफ ओवरलोड वाहन

**डिंडोरी, नवभारत।** लगातार सुर्खियों में रहने वाले यातायात विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर इन दिनों शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है, खासकर लगातार चलाये जा रहे वाहनों के चेकिंग अभियान को लेकर, जिसमें विभाग द्वारा शहर के गली- चौबारों में आए दिन वाहनों का चेकिंग अभियान तो चलाया जाता है, लेकिन ज्यादातर कार्यवाही सिर्फ और सिर्फ दो पहिया वाहनों तक ही क्यों ? क्या ओवरलोड वाहन जिसमें ऑटो , टैक्सी वाहन , यात्री बसें और डंपर इस दायरे में नहीं आते ? जो चेकिंग के बावजूद विभागीय कर्मियों की मौजूदगी में बेखौफ हो जिले की सड़कों पर यात्री सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर फर्राटा भर रहे हैं।

दरअसल यह सवाल इसलिए भी, क्योंकि बुधवार के दिन जेल बिल्डिंग के आगे टांकी नाला के पास यातायात विभाग द्वारा चेकिंग अभियान तो चलाया गया, लेकिन हमने मौके पर मौजूद हो जो नजारा देखा, वह यकीनन विभाग को संदिग्धता के कटघरे में खड़ा करने के लिए काफी है।

### क्या हो रहा था वहां

चेकिंग अभियान में जुटे विभागीय कर्मियों को हमारे वहां पहुंचने की भनक न लगे इसलिए हमने वाहन चेकिंग स्थल से महज 150 मीटर दूर सड़क के किनारे पार्क कर दिया। और जब अपनी सरसरी निगाह आसपास लगे जाम पर दौड़ाई तो कुछ युवा दर्जनों की तादाद में जान हथेली पर रख अपने दो पहिया वाहनों को खेतों के बीच दौड़ाते नजर आए, इस दरमियान कुछ एक वाहन चालकों के साथ महिलाएं भी थीं। लेकिन वही यातायात कर्मियों की नाक तले तीन और चार पहिया वाहन ओवरलोड हो बेखौफ हो यात्री सुरक्षा से खिलवाड़ करते नजर आए , जिसे हमने कैमरे में कैद भी किया।

### हरे पत्ते की माया का कमाल

चेकिंग अभियान से गुजरते ही हमारे द्वारा ओवरलोड सवारी वाहन चालकों से जब यह पूछा कि क्या उनके पास उक्त रूट का परमिट या अन्य दस्तावेज हैं, तो उन्होंने बेखौफ अंदाज में कहा कि नहीं। फिर कैसे निकले के सवाल पर उन्होंने 500 का दम बताया, जिसे विभाग में पदस्थ कर्मी द्वारा प्रत्येक माह वसूला जाता है। अब यह 500 किस बात के ? तो वह निरुत्तर हो गए। सूत्रों की माने तो इसके लिए वाहनों के प्रकार और क्षमता के आधार पर यह दाम तय किए गए हैं। और इसके लिए बकायदा वसूलीबाज लगे हुए हैं। इसके अलावा यह भी तय हो चला है कि जिले में हजारों की तादाद में ऐसे वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं , जिनके पास या तो रूट परमिट नहीं है और न ही बीमा या अन्य आवश्यक दस्तावेज, फिर भी वह जिले की सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

### चर्चा में वसूलीबाज

जबलपुर-अमरकंटक मार्ग का उपयोग करने वाले ऑटो चालकों ने जिस वसूलीबाज का जिक्र किया, वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यातायात नियमों और यात्री सुरक्षा को लेकर तो जागरूक नजर आते हैं, लेकिन 500 के आगे बेदम हो जाते हैं। फिर आपके पास परमिट या अन्य दस्तावेज व सवारियों की गिनती मायने नहीं रखती। बहरहाल व्यवस्था में सुधार की बेहद आवश्यकता है, और जिला व पुलिस प्रशासन को ही जनहित व शासनहित में कोई निर्णय लेकर कदम उठाने होंगे।

### महामारी बन रही किडनी की बीमारी, जिले में 38 मरीज पंजीकृत

**उमरिया।** देश भर की तरह जिले में भी किडनी डिसीस के बढ़ते मामलों ने स्वास्थ्य महकमे के साथ-साथ आमजन की चिंता भी बढ़ा दी है। कभी विरले लोगों में दिखने वाली यह बीमारी अब तेजी से पैर पसार रही है। जिला चिकित्सालय में वर्तमान में 38 मरीज पंजीकृत हैं, जिनका नियमित उपचार चल रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है, क्योंकि कई मरीज बड़े शहरों में इलाज करा रहे हैं। गुर्दा रोग अब केवल एक सामान्य बीमारी नहीं रह गया है, बल्कि जानलेवा बीमारियों में प्रमुख स्थान बन रहा है। अभी तक इस बीमारी का पुख्ता इलाज नहीं खोजा जा सका है। यही कारण है कि महीनो और सालों तक इलाज के बाद भी इसके मरीज की जान बचाना काफी दुष्कर है। सिविल सर्जन डॉ. केसी सोनी के अनुसार बढ़ती जरूरत को देखते हुए जिला अस्पताल में डायलिसिस सुविधा का विस्तार किया गया है। अस्पताल में कुल चार डायलिसिस मशीनें उपलब्ध हैं, जिनमें से तीन वर्तमान में संचालित हैं। हाल ही में प्राप्त नई मशीन को शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। एक मशीन प्रतिदिन औसतन चार मरीजों का डायलिसिस करती है। इस प्रकार रोज लगभग 12 मरीजों को जीवनरक्षक उपचार मिल रहा है। मशीनों का संचालन शासन के निर्देशानुसार बाहरी एजेंसी एपेक्स किडनी केयर के माध्यम से किया जा रहा है।



# लावारिस मिले दस्तावेज प्रकरण की होगी जांच

▸ अधिकारी बोले दोषी कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा

**नवभारत, उमरिया।** जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 19 स्थित तालाब किनारे लावारिस हालत में बड़ी संख्या में आधार कार्ड, बैंक दस्तावेज, पत्रिकाएं और डाक से भेजे जाने वाले अन्य कागजात लावारिस हालात मिलने से डाक विभाग में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई है। जिसे लेकर शहडोल डिवीजन के डाक अधीक्षक महेंद्र सिंह मौका मुआयना करने उमरिया पहुंचे। उन्होंने मौके का निरीक्षण करने के साथ कोतवाली थाने पहुंचकर पुलिस द्वारा जब्त दस्तावेजों की जानकारी ली।


गौरतलब है कि बीते 14 फरवरी को तालाब की मेढ़ पर बड़ी संख्या में आधार कार्ड और बैंक से जुड़े दस्तावेज मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने उन्हें जब्त कर जांच शुरू की थी।

### डाक नंबर के आधार पर हो रही जांच

डाक अधीक्षक महेंद्र सिंह ने मामले में नाराजगी जताते हुए कहा कि डाक सामग्री को इस तरह फेंकना गंभीर लापरवाही है और इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि डाक नंबर के आधार पर जांच कराई जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि दस्तावेज किसके द्वारा फेंके गए। दोषी कर्मचारियों की पहचान होते ही सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जानकारी मिलते ही विभाग ने जांच शुरू कर दी थी और अब स्थानीय स्तर पर भी सभी तथ्यों का सत्यापन किया जा रहा है। कोतवाली में जब्त दस्तावेजों का मिलान कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा जिस कर्मचारी ने ये अपराध किया है उसे सजा जरुर मिलेगी।

# कलेक्टर ने जैन मुनि से विकास कार्यों पर लिए सुझाव

**डिंडौरी, नवभारत।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने आज जैन धर्मशाला डिंडौरी पहुंचकर जैन समुदाय के महान संत प्रमाण सागर महाराज से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने महाराज के प्रवचन स्थल पर उपस्थित होकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा जिले में संचालित विकास कार्यों एवं भावी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। भेंट के दौरान कलेक्टर ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक समरसता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन और सुझाव लिए। इस अवसर पर प्रमाण सागर महाराज ने



नैतिक मूल्यों, जनभागीदारी और सेवा भावना के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज और प्रशासन के समन्वित प्रयासों से ही जिले को प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाया जा सकता है।

कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन समाज के सभी वर्गों के सहयोग से समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। संतों के मार्गदर्शन से समाज में जागरूकता और सद्भाव का वातावरण निर्मित होता है जो विकास की मजबूत आधारशिला है। वहीं महाराज श्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि अधिकारी सदैव बेहतर कार्य करने का प्रयास करते हैं और पूरी निष्ठा से जनता को लाभान्वित करने में जुटे रहते हैं, किन्तु पूर्णता की गारंटी कोई नहीं दे सकता। इसलिए निरंतर सुधार और सेवा भावना के साथ कार्य करना ही सच्ची प्रगति का मार्ग है। इस अवसर पर जैन समाज के पदाधिकारी सी.ए. रितेश जैन एडवोकेट सम्यक जैन पार्षद रितेश जैन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम श्रद्धा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# चिकित्सकों ने विद्यार्थियों का किया दंत परीक्षण, दिए आवश्यक सुझाव

▸ शासकीय महाविद्यालय करंजिया में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**करंजिया, नवभारत।** शासकीय महाविद्यालय करंजिया में बुधवार को छात्र-छात्राओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. दुर्गा सिंह भवेदी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में किया गया, जिसका संचालन एनएसएस प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शत्रुशूदन सिंह के निर्देशन में हुआ। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को




स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व से अवगत कराना था। शिविर अंतर्गत विशेष रूप से दंत परीक्षण किया गया। इस अवसर पर स्माइल डेंटल केयर एवं ट्रांसप्लांट सेंटर से आए चिकित्सकों डा. विजय श्रीवास्तव, डा. निहारिका काले, शिवानी टेकाम एवं रोशनी धुर्वे ने विद्यार्थियों के दांतों की जांच की। चिकित्सकों ने दंत स्वच्छता, उचित ब्रशिंग तकनीक, संतुलित आहार तथा दांतों की नियमित जांच की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी.एससी. एवं बी.ए. संकाय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय प्रशासन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक हैं और भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

# ग्राम पंचायत अलोनी में आरसेटी का जूट उत्पाद प्रशिक्षण आयोजित

**अमरपुर, नवभारत।** जिले के अमरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अलोनी में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), डिंडोरी द्वारा संचालित जूट उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा उन्हें स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में आरसेटी निदेशक एस. एस. समद ने कहा कि जूट उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं के लिए आय संवर्धन का बेहतर माध्यम हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को सीखे हुए कौशल का उपयोग कर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। इस मौके पर परीक्षक आनंद सिंह एवं आरती अग्रवाल ने प्रशिक्षणार्थियों के कार्यों का मूल्यांकन कर उनकी मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अलोनी के सरपंच गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने भी उपस्थित होकर प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं दीं और ऐसे कौशल विकास कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। प्रशिक्षण में डोमेन स्किल ट्रेनर कु. सुधा साकेत एवं फैकल्टी सदस्य ओम मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को जूट से विभिन्न उपयोगी एवं बाजारोन्मुख उत्पाद बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।





# फाइनल में झिलमिला टीम ने पड़रिया को किया पराजित

**अमरपुर, नवभारत।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत झिलमिला में ग्रामीण टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें आस पास गांवों के अनेक टीमों ने हिस्सा लिया गया। जिसका फाइनल मुकाबला विरासनी क्रिकेट क्लब झिलमिला और पड़रिया टीम के मध्य खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पड़रिया टीम ने अपने निर्धारित 10 ओवरों में 112 रन बनाकर झिलमिला टीम के लिए 113 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी झिलमिला टीम ने 8 ओवर में 4 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर फाइनल खिताब अपने नाम कर लिया। मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष आकाश नामदेव एवं अन्य अतिथियों के हस्ते ग्रामीण टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता टीम झिलमिला एवं उपविजेता पड़रिया टीम को नगद राशि व ट्राफी प्रदान किया गया। फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि मण्डल अध्यक्ष आकाश नामदेव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने जो खेल के प्रति सच्ची संवेदना दिखाई हैं। उसके लिए आप सभी खिलाड़ी बंधुओं को बहुत बहुत शुभकामनाएं। आगामी समय में भी इसी तरह खेल खेलते रहे। उपस्थित खिलाड़ियों द्वारा मण्डल अध्यक्ष से क्रिकेट किट की मांग की गई। जिस पर मण्डल अध्यक्ष ने दोनों टीमों को क्रिकेट किट देने को कहा गया। इसके साथ ही आगामी समय में खेल और खिलाड़ियों के लिए हर सम्भव मदद करने की बात भी कही गई।

**ये रहे मौजूद**-भाजपा महामंत्री राम कुमार वनवासी, ग्राम पंचायत झिलमिला सरपंच कीर्तन मरावी, ग्राम पंचायत साम्हर सरपंच कमलेश मरावी, बलराम तिलगाम, परमेश्वर यादव, सखाराम यादव, कोमल मरकाम, वीर सिंह मरकाम, मनीराम मरावी, महेंद्र कुशराम, जगत मरावी, कमला सिंह मरकाम, बलदेव सिंह धुर्वे, कुलपत सिंह मरकाम, कमल सिंह कुशराम, रमेश मरावी, प्रमोद धुर्वे, मदन मरकाम, भगत मरावी सहित आयोजन समिति सदस्य एवं क्रिकेट खेल प्रेमी दर्शक भारी संख्या में मौजूद रहे। फाइनल मुकाबले में निर्णायक की भूमिका में आनंद धुर्वे व राज कुमार करचाम रहे। स्कोरिंग हेमंत कुशराम द्वारा किया गया। वहीं पर मैच का आखों देखा हाल राम प्रसाद धुर्वे द्वारा सुनाया गया।

# खाली कुर्सी को लेकर डॉक्टर की अनुपस्थिति पर उठे सवाल

▸ शहपुरा पशु चिकित्सालय का मामला, नागरिकों ने की कार्रवाई की मांग

**शहपुरा नवभारत।** पशु चिकित्सा विभाग डिंडोरी के अंतर्गत संचालित पशु चिकित्सालय शहपुरा में पदस्थ वेटरिनरी असिस्टेंट सर्जन डॉ. नवल सिंह कुलस्ते की लगातार अनुपस्थिति को लेकर नगरवासियों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, दिनांक 18 फरवरी 2026 को दोपहर 2:58 बजे भी डॉ. कुलस्ते अस्पताल में अनुपस्थित पाए गए, जिससे पशुपालकों को उपचार के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नागरिकों का आरोप है कि डॉक्टर अक्सर ड्यूटी समय में अस्पताल में उपस्थित नहीं रहते, जिसके कारण दूर-दराज से आने वाले पशुपालकों को बिना इलाज लौटना पड़ता है।

इस संबंध में अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर अनुराधा पटेल से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि डॉ. कुलस्ते सुबह ड्यूटी पर आए थे, लेकिन वर्तमान में कार्यालय में मौजूद नहीं हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि डॉक्टर छुट्टी पर नहीं हैं और यदि छुट्टी लेते हैं तो इसकी सूचना उन्हें नहीं,



बल्कि डिप्टी अधिकारी को दी जाती है। बताया गया है कि रास्ते में फोन पर संपर्क करने पर डॉ. कुलस्ते ने स्वयं को किसी रिश्तेदार के यहां कार्यक्रम में शामिल होना बताया। वहीं अस्पताल में मौजूद स्टाफ ने भी पुष्टि की कि डॉक्टर सुबह आए थे, लेकिन उसके बाद कहां गए इसकी जानकारी किसी के पास नहीं है। मामले में जब डिप्टी डायरेक्टर, डिंडोरी से दूरभाष पर चर्चा की गई तो वे भी स्पष्ट जवाब देने से बचते नजर आए। नगरवासियों का कहना है कि एक जिम्मेदार अधिकारी द्वारा अपने अधीनस्थ की अनुपस्थिति पर स्पष्ट जवाब न देना और गोलमोल प्रतिक्रिया देना जांच का विषय है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि डॉ. नवल सिंह कुलस्ते की ड्यूटी रिकॉर्ड की जांच कर कदाचरण का मामला दर्ज किया जाए तथा उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो।

# एमपीईबी कॉलोनी से छात्र रहस्यमय ढंग से लापता

▸ पुलिस को हफ्तेभर बाद भी नहीं मिला सुराग, परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका

**चिल्हारी, उमरिया।** मानपुर विधानसभा क्षेत्र के पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एमपीईबी कॉलोनी मंगठार से कक्षा 9वीं का एक नाबालिग आदिवासी छात्र बीते एक सप्ताह से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं कॉलोनी और आसपास के क्षेत्र में चिंता का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिंहपुर थाना नौरोजाबाद निवासी गंगाराम बैगा उम्र 26 वर्ष हाल निवास क्वार्टर नंबर डी-190 एमपीईबी कॉलोनी मंगठार, संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र में जूनियर इंजीनियर के पद पर पदस्थ हैं। उनके साथ उनके चाचा का बेटा नीरज बैगा पिता छोटेलाल बैगा रहकर पढ़ाई कर रहा था। नीरज विद्याभारती सरस्वती हाई स्कूल, एमपीईबी कॉलोनी में कक्षा 9वीं का छात्र है।

### पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी की रिपोर्ट

बताया गया है कि बीते 10 फरवरी की सुबह लगभग 9.30 बजे नीरज रोज की तरह स्कूल के लिए घर से निकला, लेकिन उसके बाद से वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारी और परिचितों में काफी तलाश की, किंतु उसका कोई सुराग नहीं लग सका। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया हो। मामले की गंभीरता को देखते हुए पाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नीरज बैगा के संबंध में कोई भी जानकारी मिलने पर तत्काल थाना पाली या नजदीकी पुलिस को सूचित करें।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**जबलपुर।** भेड़ाघाट में सड़क हादसे में घायल युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, तिलवारा थाना क्षेत्र के भैरोनगर बड़ा पत्थर निवासी रोशन अहिरवार 19 वर्ष दोस्त मानसी दाहिया के साथ मोटरसाइकिल से भेड़ाघाट घूमने आया था। भेड़ाघाट रिसोर्ट के समीप उनकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि रोशन के सिर में गंभीर चोटें आईं। घटनास्थल पर मौजूद राहगीरों ने एक निजी एम्बुलेंस की मदद से उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत रोशन अहिरवार को मृत घोषित कर दिया।

# टेंट हाउस का फर्जी बिल लगाकर सरपंच सचिव ने शासन को लगाया चूना



**चिल्हारी, उमरिया।** जिले के मानपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया में फर्जी बिल लगाकर हजारों रुपए का करने का घोटाला करने का मामला सामने आया है।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार सरपंच सचिव द्वारा सुभाष टेंट हाउस के नाम पर - फर्जी बिल लगाया गया हैं जिसका भुगतान 28980 रुपये किया गया है। टेंट संचालक सुभाष रजक सरपंच राजू कोल सचिव इतुआ यादव की मिली भगत से पिपरिया गांव में 26 - जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह - के नाम पर 28,980 रुपये का - कथित फर्जी बिल लगाकर शासकीय राशि निकालने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों - ने मामले को लेकर जनपद पंचायत और जिला प्रशासन से जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई और मामलो का खुलासा हो सकता है।

### सीईओ ने पंचायत सचिवों को किया निलंबित

सीईओ अभय सिंह ने इतुआ प्रसाद यादव, पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत पिपरिया तथा लल्लाराम प्रजापति पंचायत सचिव ग्राम पंचायत मुंगवानी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम, 1999 के भाग-दो, निलंबन, 4 (1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित निलंबित किया है। पंचायत सचिवों को निलंबन अवधि में शासन के नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जावेगा।